HeartSine®

HI

# HeartSine® samaritan® PAD
# उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

**SAM 350P** अर्ध-स्वचालित डिफ़िब्रिलेटर

**SAM 360P** पूर्णतः स्वचालित डिफ़िब्रिलेटर

CPR Advisor के साथ **SAM 500P** अर्ध-स्वचालति डफ़िब्रिरलिटर



# विषय तालिका


**उपयोग के लिए संकेत** **4**
उपयोग के लिए अंतर्विरोध 4
लक्षित उपयोगकर्ता 4

**चेतावनियां और सावधानियां** **5**

**सिंहावलोकन** **8**
अचानक पड़ने वाला दिल का दौरा 8
साइनस आवर्तन और निलयी फ़िब्रिलेशन 8
निलयी हृदयचाल में असामान्य तेज़ी 8
AED से उपचार 8

**परिचय** **9**
HeartSine samaritan PAD के बारे में 9
CPR मेट्रोनोम 9
CPR Advisor 10
अनुशंसित प्रशिक्षण 10
SAM 350P का विन्यास 11
SAM 360P का विन्यास 12
SAM 500P का विन्यास 13

**सेट-अप** **14**
पैक खोलना 14
Pad-Pak 14
HeartSine samaritan PAD का उपयोग शुरू करना 15
तैयारी जांच-सूची 16

**HeartSine samaritan PAD का इस्तेमाल करना** **17**

**Pad-Pak और (बच्चों का) Pediatric-Pak** **22**

**इलेक्ट्रोड रखना** **24**
वयस्क 24
पीडीएट्रिक (बाल मरीज़ों से संबंधित) 25

**HeartSine samaritan PAD का इस्तेमाल करने के बाद** **26**
HeartSine samaritan PAD की सफ़ाई करना 26
घटना की जानकारी डाउनलोड करके जमा करना 27
निपटारा 27

**ट्रैक करना** **28**

**रखरखाव** **29**

सिमुलेटरों और पुतलों के साथ परीक्षण 29

**उंडुक** 30

**परिशिष्ट ए प्रतीक** **ए-1**

**परिशिष्ट बी समस्या निवारण** **बी-1**

**परिशिष्ट C तकनीकी डेटा** **C-1**

**परिशिष्ट D ध्वनि अनुबोध** **D-1**

**परिशिष्ट E सीमित वारंटी वक्तव्य** **E-1**

**इस मार्गदर्शिका का उपयोग**

अपने HeartSine samaritan PAD का उपयोग शुरू करने से पहले, आपके लिए इस मार्गदर्शिका को ध्यान से पढ़ना बहुत ज़रूरी है। यह मार्ग-दर्शिका आपको मिली हुई किसी प्रशिक्षण के समर्थन में प्रस्तुत की गई है। यदि आपके कोई प्रश्न हों, तो अपने अधिकृत वितरक अथवा हार्टसाइन टेक्नॉलोजीज़ से सीधे संपर्क करें।

# **उपयोग** के लिए संकेत

HeartSine samaritan PAD सैम 350पी (सैम 350पी), HeartSine samaritan PAD सैम 360पी (सैम 360पी) और HeartSine samaritan PAD सैम 500पी (सैम 500पी) प्रत्येक को Pad-Pak या Pediatric-Pak के साथ उपयोग किया जाता है। दोनों ही हृदयावरोध के उन मरीज़ों में उपयोग के लिए संकेतित हैं, जो निम्नलिखित लक्षण दर्शा रहे हैं:

- **चेतनाहीन**
- **साँस नहीं लेना**
- **संचरण नहीं होना** (**बिना नाड़ी स्पंदन के**)

जब इन उपकरणों का उपयोग वयस्क Pad-Pak (Pad-Pak-01, Pad-Pak-03, Pad-Pak-07) के साथ किया जाए, तब प्रत्येक उपकरण का 8 साल से अधिक उम्र के या 25 किलोग्राम (55 पौंड) से अधिक वज़न के मरीज़ों पर उपयोग होना लक्षित होता है। जब इनका उपयोग Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बने पैक) (Pad-Pak-02, Pad-Pak-04) के साथ किया जाए तब इसका प्रत्येक 1 और 8 साल के बीच की उम्र के बच्चों या 25 किलोग्राम (55 पौंड) तक के वज़न वाले मरीज़ों पर उपयोग होना लक्षित होता है। जब इस उपकरण को TSO/ETSO-प्रमाणित आवश्यकताओं का अनुपालन करके वयस्क Pad-Pak (Pad-Pak-07) के साथ उपयोग किया जाता है तब इसका उपयोग व्यावसायिक फ़िक्स्ड-विंग विमान पर सवार मरीज़ों के लिए भी लक्षित होता है।

## उपयोग के लिए अंतर्विरोध

अगर मरीज़ प्रतीक्रिया कर रहा हो या होश में हो तो इलाज के लिए उस पर HeartSine samaritan PAD का उपयोग बिल्कुल नहीं करें।

## लक्षित उपयोगकर्ता

प्रत्येक उपकरण उन कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए है, जिन्हें इसे चलाने में प्रशिक्षित किया गया है।

**नोट**: सामान्य कर्मी प्रत्येक उपकरण को उपयोग कर सकता है। उपयोगकर्ताओं के लिए सीपीआर का प्रशिक्षण लेने और एईडी के उपयोग की पुरज़ोर सिफ़ारिश की जाती है हालाँकि आपात स्थिति में, कोई अप्रशिक्षित सामान्य बचावकर्मी भी HeartSine samaritan PAD का उपयोग कर सकता है।

## ⚠ चेतावनियाँ

### उपचार हेतु उपयुक्त मरीज़

HeartSine samaritan PAD को अचेत, प्रतीक्रिया नहीं दे रहे मरीज़ों पर उपयोग करने के लिए बनाया गया है। यदि मरीज़ प्रतीक्रिया दे रहा हो या होश में हो, तब इलाज करने के लिए HeartSine samaritan PAD का उपयोग नहीं करें।

HeartSine samaritan PAD में बदले जा सकने वाली बैटरी और Pad-Pak नामक इलेक्ट्रोड पैक का उपयोग होता है। वयस्क Pad-Pak के साथ उपयोग करने पर HeartSine samaritan PAD 25 किलो (55 पौंड) से ज़्यादा वज़न के मरीज़ों के लिए या लगभग 8 साल या उससे ज़्यादा उम्र के बच्चे के बराबर के मरीज़ के लिए उपयुक्त है।

(1 से 8 साल की उम्र के) अधिक छोटे बच्चों पर उपयोग करने के लिए वयस्क Pad-Pak को निकालकर Pediatric-Pak (बच्चों के इलाज हेतु बने पैक) लगाएं। यदि Pediatric-Pak या कोई अन्य उपयुक्त डिफ़िब्रिलेटर उपलब्ध ना हो, तो आप वयस्क Pad-Pak का उपयोग कर सकते हैं।

अगर किसी पीडीऐट्रिक मरीज़ का उपचार किसी वयस्क के पैड-पैक से किया जा रहा हो, तो प्रदत्त CPR Advisor प्रतिक्रिया संकेतों को नज़रअंदाज़ करें। सैम 500पी CPR Advisor अभी केवल वयस्क मरीज़ों पर प्रतीक्रिया देने के लिए ही बना है।

### इलाज में देरी नहीं करें

मरीज़ की सटीक उम्र या वज़न जानने की कोशिश करने में वक्त बिताकर इलाज में देरी नहीं करें।

### बिजली के झटके का जोखिम

HeartSine samaritan PAD चिकित्सीय विद्युत झटके देता है जिनसे उपयोगकर्ताओं या पास खड़े लोगों को गंभीर चोट लग सकती है। सुनिश्चित करें कि जब मरीज़ को झटका दिया जा रहा हो, तब कोई भी उसे नहीं छूता है।

### न खोलें न ही मरम्मत करें

HeartSine samaritan PAD में सर्विस करने योग्य कोई भी पुर्ज़ा नहीं है। किसी भी स्थिति में उपकरण को नहीं खोलें या ना ही मरम्मत करें क्योंकि इससे बिजली का झटका लगने का ख़तरा है। यदि क्षति होने का अंदेशा हो, तो HeartSine samaritan PAD को तुरंत बदल दें।

### विस्फोटक या ज्वलनशील गैसों से बचें

HeartSine samaritan PAD का उपयोग ऑक्सीज़न मास्क डिलीवरी प्रणालियों के साथ करना सुरक्षित है। हालांकि, विस्फोट के जोखिम से बचने हेतु यह पुरज़ोर सिफ़ारिश की जाती है कि आप HeartSine samaritan PAD का उपयोग ज्वलनशील निश्चेतकों या संकेंद्रित ऑक्सीजन सहित की विस्फोटक गैसों के आसपास नहीं करें।

### विश्लेषण के दौरान मरीज़ को छुएँ नहीं

विश्लेषण के चरण के दौरान यदि मरीज़ को छुआ जाए, तो इससे निदानात्मक प्रक्रिया में व्यवधान पड़ सकता है। जब HeartSine samaritan PAD मरीज़ का विश्लेषण कर रहा हो, तब मरीज़ को छूने से बचें। उपकरण निर्देशित करेगा कि कब मरीज़ को छूना सुरक्षित है।

### पूर्णतः स्वचालित डिफिब्रिलेटर (SAM 360P)

सैम 360पी संपूर्ण रूप से स्वचालित डिफिब्रिलेटर है। जब आवश्यक हो, तब वह बिना उपयोगकर्ता के हस्तक्षेप के मरीज़ को आघात देगा।

### CPR Advisor फ़ंक्शन (SAM 500P)

CPR Advisor फ़ंक्शन केवल वयस्क मरीज़ों पर उपयोग के लिए बना है। Pediatric-Pak के उपयोग के दौरान, CPR Advisor फ़ंक्शन बंद कर दिया जाता है। इस मामले में, बचावकर्मी समय पर मेट्रोनोम के साथ सीपीआर शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है लेकिन उसे CPR Advisor की कोई प्रतीक्रिया नहीं मिलती।

# चेतावनियां और सावधानियां

### विद्युत-चुंबकीय हस्तक्षेप के प्रति अतिसंवेदनशील

(एंटेना केबल और बाहरी एंटेना जैसे सहायक उपकरणों सहित) पोर्टेबल RF संचार सामग्री को निर्माताओं द्वारा विनिर्दिष्ट केबलों सहित HeartSine samaritan PAD के किसी भी पुर्ज़े के 30 सेमी (12 इंच) से ज़्यादा नज़दीक उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। अन्यथा, परिणामस्वरूप इस सामग्री का प्रदर्शन ख़राब होता है।

### प्रतिस्पर्धी या तीसरे-पक्ष के उत्पादों का उपयोग

HeartSine samaritan PAD, Pad-Pak या Pediatric-Pak का उपयोग किसी अन्य प्रतिस्पर्धी या तीसरे-पक्ष सम उत्पादों के साथ बिल्कुल नहीं करें। हार्टसाइन टेक्नॉलॉजी द्वारा निर्दिष्ट या प्रदत्त इलेक्ट्रिकल एक्सेसरी, ट्रांसड्यूसरों और केबलों का उपयोग करने से इस सामग्री का इलेक्ट्रोमैगनेटिक उत्सर्जन बढ़ सकता है या इलेक्ट्रोमैगनेटिक प्रतिरक्षा घट सकती है और संचालन में गड़बड़ी आ सकती है।

### उपकरण का उपयोग

न इस HeartSine samaritan PAD का अन्य सामग्री से सटाकर उपयोग करना चाहिए न उनके साथ जोड़ना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से संचालन में गड़बड़ी आ सकती है। अगर इस तरह से उपयोग करना आवश्यक हो, तो इस HeartSine samaritan PAD और अन्य सामग्री को गौर से देखकर यह जांचते रहना चाहिए कि क्या वे सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं।

### अन्य चिकित्सीय उपकरण के साथ उपयोग

HeartSine samaritan PAD का उपयोग करने से पहले मरीज़ के शरीर से गैर डिफ़िब्रिलेशन द्वारा सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या चिकित्सीय सामग्री हटा दें।

### पेसमेकरों के साथ उपयोग

पेसमेकर की उपस्थिति से एईडी के काम पर फ़र्क नहीं पड़ना चाहिए। हालाँकि, पेसमेकर को ख़राब होने से बचाने के लिए, यह सिफ़ारिश की जाती है कि पैडों को पेसमेकर से कम से कम 8 सेमी (3.1 इंच) की दूरी पर रखा जाना चाहिए। एक अच्छी खासी सूजन वाला सर्जिकल दाग आरोपित उपकरण की जगह का संकेत देगा।[1]

## ⚠ सावधानियाँ

### इलेक्ट्रोड पैडों को सही जगह रखना

HeartSine samaritan PAD के इलेक्ट्रोड पैडों को सही जगह पर रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपको पृष्ठ 20-25 में और उपकरण पर दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा। सही जगह पर नहीं रखने या हवा, बाल, शल्य-क्रिया की पट्टियाँ या दवा के पैच पैडों और त्वचा के बीच में आने से डिफिब्रिलेशन की प्रभाविकता कम हो सकती है। चिकित्सा के बाद त्वचा का थोड़ा लाल हो जाना स्वाभाविक है।

### यदि पाउच सीलबंद न हो, तो इलेक्ट्रोड पैड का उपयोग नहीं करें

Pad-Pak और Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बना पैक) इन आइटमों का केवल एक बार उपयोग किया जा सकता है और उन्हें हर उपयोग के बाद बदलना होगा। यदि इलेक्ट्रोड पैडों को सील करने वाला पाउच टूटा हो या उसमें कटा-फटा जैसा कुछ लगे, तो उन्हें बदल दें। यदि आपको संदेह हो कि Pad-Pak या Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बना पैक) क्षतिग्रस्त है, तो उसे तुरंत बदलें।

### संचालन के लिए तापमान रेंज

HeartSine samaritan PAD, उसकी बैटरी और इलेक्ट्रोडों को इस तरह से बनाया गया है कि वे 0°से से 50°से (32°फ़े से 122°फ़े) तक की तापमान रेंज पर काम कर सकते हैं। इस रेंज से बाहर उपकरण का उपयोग करने से उपकरण ख़राब हो सकता है।

## प्रवेश से सुरक्षा
HeartSine samaritan PAD को धूल और पानी की फ़ुहारों के विरुद्ध आईपी56 की रेटिंग मिली है। लेकिन, आईपी56 रेटिंग का मतलब यह नहीं है कि HeartSine samaritan PAD या उसके किसी भी पुर्ज़े को पानी या किसी प्रकार के द्रव में डुबा दिया जाए और फिर भी वह काम करेगा। द्रवों का संपर्क उपकरण को गंभीर रूप से क्षति-ग्रस्त कर सकता है या आग या बिजली के झटके का ख़तरा पैदा कर सकता है।

## बैटरी की आयु बढ़ाना
अनावश्यक रूप से उपकरण को चालू नहीं करें क्योंकि ऐसा करने से उपकरण की आपातोपयोगी (स्टैंडबाय) आयु कम हो सकती है। 0°C से 50°C (32°F से 122°F) की रेंज के बाहर का स्टैंडबाय भंडारण Pad-Pak की भंडारण आयु को कम कर सकता है।

## संचालक प्रशिक्षण
ये उपकरण उन कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए हैं, जिन्हें इनके प्रचालन में प्रशिक्षित किया गया है।

**नोट**: उपकरणों को सामान्य कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए बनाया गया है। उपयोगकर्ताओं के लिए सीपीआर का प्रशिक्षण लेने और एईडी के उपयोग की पुरज़ोर सिफ़ारिश की जाती है हालाँकि आपात स्थिति में, कोई अप्रशिक्षित सामान्य बचावकर्मी भी HeartSine samaritan PAD का उपयोग कर सकता है।

## नियमित रखरखाव
समय-समय पर उपकरण की जाँच करें। पृष्ठ 29 पर रखरखाव देखें।

## डिवाइस का सही निपटारा
अपने राष्ट्रीय या स्थानीय विनियमों के अनुसार उपकरण का निपटारा करें, या अपने अधिकृत वितरक से मदद मांगें। कृपया पृष्ठ 27 पर प्रदत्त HeartSine samaritan PAD का उपयोग करने के बाद दिए गए चरणों का अनुपालन करें।

## स्थानीय विनियमों का अनुपालन
जिस क्षेत्र में इसका उपयोग किया जाना हो, वहाँ की स्थानीय सरकार के प्रासंगिक स्वास्थ्य विभाग से पूछकर उस क्षेत्र में डिफिब्रिलेटर के स्वामित्व से संबंधित आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें।

---

इस मार्गदर्शिका में निम्नलिखित प्रतीकों का उपयोग किया गया है:

⚠ **चेतावनी**: चेतावनी वक्तव्यों में ऐसी स्थितियों या कामों का विवरण मौजूद है जिनसे मौत हो सकती है या गंभीर चोट लग सकती है।

⚠ **सावधानी**: सावधानी वक्तव्यों में ऐसी स्थितियों या कामों का विवरण मौजूद है जिनसे छोटी मोटी चोट लग सकती है या उपकरण ख़राब हो सकता है।

**नोट**: नोट में डिफ़िब्रिलेटर के उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण अतिरिक्त जानकारी दी गई है।

1. Panchal R, Bartos JA, Cabañas JG, et al. Part 3: Adult Basic and Advanced Life Support 2020 American Heart Association Guidelines for Cardiopulmonary *Resuscitation* and Emergency Cardiovascular Care. *Circulation*. 2020;142(suppl 2):S366–S468.

# सिंहावलोकन

## अचानक पड़ने वाला दिल का दौरा

अचानक होने वाला हृदयावरोध (सडन कार्डिएक अरेस्ट या एससीए) एक ऐसी स्थिति है जिसमें हृदय की विद्युत प्रणाली में अपक्रिया के कारण हृदय अचानक प्रभावकारी रीति से रक्त को पंप करना बंद कर देता है। बहुधा एससीए से पीड़ित होने वाले व्यक्तियों को पहले कोई भी चेतावनी या लक्षण नहीं प्राप्त होते हैं। एससीए उन व्यक्तियों में भी हो सकता है जिनमें पहले ही हृदय से संबंधित किसी स्थिति का निदान हुआ है। पीड़ित व्यक्ति का एससीए से जीवित बचना उसे तुरंत ही प्रभावकारी हृत्फुफ्फुसीय पुनर्जीवन (कार्डियोपल्मोनेरी रीससिकेशन या सीपीआर) देने पर निर्भर करता है।

हृदयावरोध से ढेर हो गए व्यक्ति पर प्रथम चंद मिनटों में ही बाहरी डिफिब्रिलेटर का उपयोग करके उसके जीवित बचने की संभावना को काफी बढ़ाया जा सकता है। दिल का दौरा पड़ना (हार्ट एटैक) और एससीए एक ही चीज़ नहीं हैं, हालाँकि कभी-कभी दिल का दौरा पड़ने से एससीए का सूत्रपात हो सकता है। यदि आपको दिल का दौरा पड़ने के लक्षण अनुभव हो रहे हों (छाती में दर्द, दाब, साँस फूलना, छाती में या शरीर के अन्य किसी भाग में कसाव की अनुभूति), तो तुरंत ही चिकित्सीय देखरेख प्राप्त करें।

## साइनस आवर्तन और निलयी फ़िब्रिलेशन

हृदय की सामान्य ताल, जिसे शिरानाल ताल कहा जाता है, विद्युत सक्रियता पैदा करती है जिससे हृदय की पेशियाँ समन्वित रीति से सिकुड़ती हैं। इससे शरीर भर में रक्त का सामान्य प्रवाह होता है।

निलय तंतुविकंपन (वी-फिब या वीएफ) एक ऐसी दशा है जिसमें हृदय की पेशियाँ असमन्वित रीति से सिकुड़ती हैं, जिससे वे ठीक से सिकुड़ने के बजाए कंपित होने लगती हैं। निलय तंतुविकंपन एससीए के मरीज़ों में पहचाना गया सबसे सामान्य अतालता (एरिथिम्या) है।
एससीए से पीड़ित व्यक्तियों में हृदय को बिजली का झटका देकर सामान्य शिरानाल ताल वापस स्थापित करना संभव होता है। इस चिकित्सा को डिफिब्रिलेशन कहते हैं।

## निलयी हृदयचाल में असामान्य तेज़ी

निलय हृदक्षिप्रता (वीटी) एक प्रकार की हृदक्षिप्रता (दिल का तेज़ी से धड़कना) है जो हृदय की अनुचित विद्युत सक्रियता के कारण पैदा होती है। वीटी हृदय के निचले कक्षों में शुरू होती है, जिन्हें निलय कहा जाता है। हालाँकि वीटी के कई प्रकार हैं, यह अतालता उस स्थिति में जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है जब मरीज़ की नाड़ी निश्चल है और वह कोई भी प्रतीक्रिया नहीं जता रही है। यदि इसे तुरंत ही डिफिब्रिलेशन से उपचारित न किया गया, तो वीटी अन्य प्रकार की अतालताओं को जन्म दे सकती है।

## एईडी से चिकित्सा

यह एक सामान्य गलत धारणा है कि केवल सीपीआर देना और आपात सेवाओं को बुलाना पर्याप्त है। सीपीआर एक अस्थायी उपाय है जो मस्तिष्क को खून और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखता है। वीएफ या वीटी के दौरान केवल सीपीआर हृदय को सामान्य ताल में नहीं ला सकेगा। डिफिब्रिलेशन जीवन बचाने की कुंजी है – और इसे जितनी जल्दी दिया जाए, उतना अच्छा।

डिफिब्रिलेशन जीवन को जोखिम में डालने वाली अतालताओं का एक सामान्य उपचार है, विशेषकर निलय तंतुविकंपन का। डिफिब्रिलेशन में डिफिब्रिलेटर नामक एक उपकरण से हृदय को बिजली का झटका दिया जाता है। इससे हृदय की पेशियों का सामान्य रूप से सिकुड़ना बहाल हो जाता है और हृदय में मौजूद शरीर के कुदरती पेसमेकर द्वारा सामान्य शिरानाल ताल लौट आता है।

HeartSine samaritan PAD, HeartSine samaritan ECG लयहीन विश्लेषण एलगोरिद्म का उपयोग करता है। यह कलन-विधि मरीज़ की ईसीजी का मूल्यांकन करके निर्धारित करती है कि क्या चिकित्सीय विद्युत आघात उचित रहेगा या नहीं। यदि झटका देना आवश्यक है, तो HeartSine samaritan PAD चार्ज हो जाएगा और उपयोगकर्ता को झटके के बटन (SAM 350P/500P) को दबाने की सलाह देगा या स्वचालित रूप से झटका दे देगा (SAM 360P)। यदि आघात न देने की सलाह दी जाती है, तो उपकरण विराम ले लेगा ताकि उपयोगकर्ता सीपीआर दे सके।

यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि HeartSine samaritan PAD जैसे हृदय डिफिब्रिलेटर आघात तभी देंगे जब जीवन को बचाने के लिए आघात देना आवश्यक हो।

यह मार्ग-दर्शिका HeartSine samaritan PAD के निम्नलिखित मॉडलों के लिए निर्देश उपलब्ध कराती है:

HeartSine samaritan PAD 350पी (सैम 350पी)
HeartSine samaritan PAD 360पी (सैम 360पी)
HeartSine samaritan PAD 500पी (सैम 500पी)

## HeartSine samaritan PAD के बारे में

एईडी के HeartSine samaritan PAD परिवार को अचानक आए दिल के दौरे (एससीए) के शिकार मरीज़ों को तेज़ी से डिफ़िब्रिलेशन झटका देने के लिए बनाया गया है। हर HeartSine samaritan PAD वर्तमान संयुक्त यूरोपियन रिससिटैशन काउंसिल (ईआरसी) और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) के हृदफुप्फुसीय पुनरुज्जीवन (सीपीआर) और आपात हृदवाहिका सेवा (ईसीसी) से संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित करने के लिए बनाया गया है।

हालाँकि सभी HeartSine samaritan PAD नमूनों का लगभग एक ही तरह से उपयोग होता है, निम्न तालिका 1 में प्रदर्शित अनुसार नमूनों के बीच कुछ सुस्पष्ट भिन्नताएँ भी हैं।

सैम 350पी एक अर्ध-स्वचालित डिफ़िब्रिलेटर होता है, सैम 360पी एक पूर्णत: स्वचालित डिफ़िब्रिलेटर है, और सैम 500पी एकीकृत CPR Advisor वाला एक अर्ध-स्वचालित डिफ़िब्रिलेटर है।

⚠ **चेतावनी** SAM 360P एक पूर्णतः स्वचालित डिफिब्रिलेटर है। जब आवश्यक हो, तब वह बिना उपयोगकर्ता के हस्तक्षेप के मरीज़ को आघात देगा।

## CPR मेट्रोनोम

जब HeartSine samaritan PAD आपसे CPR करने के लिए कहेगा, तब आपको एक श्रव्य बीप की आवाज़ सुनाई देगी और छूने के लिए सुरक्षित वाला संकेतक फ़्लैश नवीनतम ERC/AHA दिशा-निर्देशों के अनुरूप की दर पर दिखेगा। यह सुविधा, जिसे सीपीआर मेट्रोनोम कहा गया है, सीपीआर के दौरान आपको मरीज़ के सीने को जिस दर से संपीड़ित करना है, उसके बारे में मार्गदर्शन देती है।

**तालिका** 1. HeartSine samaritan PAD एईडी

| विशेषता | SAM 350P | SAM 360P | SAM 500P |
|---|---|---|---|
| आघात देना | अर्ध-स्वचालित | पूर्ण रूप से स्वचालित | अर्ध-स्वचालित |
| इलेक्ट्रोड और बैटरी की चार साल की आयु | ✔ | ✔ | ✔ |
| श्रव्य और दृश्य संकेत | ✔ | ✔ | ✔ |
| मेट्रोनोम के साथ सीपीआर कोचिंग | ✔ | ✔ | ✔ |
| CPR Advisor | | | ✔ |
| (बाल मरीज़ों के Pad-Pak सहित) बाल मरीज़ों द्वारा उपयोग हेतु अनुकूल | ✔ | ✔ | ✔ |

# परिचय

## CPR Advisor

अचानक दिल के दौरे के शिकार का सीपीआर इलाज करते हुए, छाती को अच्छे से दबाव मिलना महत्वपूर्ण है। अगर प्रदत्त सीपीआर की गुणवत्ता अच्छी है, तो मरीज़ के फिर से जी उठने में सफलता पाने की संभावना बहुत ज़्यादा हो जाती है।

अनुसंधान में यह दिखाया गया है कि गैर-पेशेवर उत्तरदाता अनुभवहीनता की वजह से नियमित रूप से अप्रभावी सीपीआर करते हैं।

CPR Advisor वाले सैम 500पी से बचावकर्मी को उनके द्वारा शिकार रोगी को दी जाने वाली सीपीआर के बल और दर के बारे में प्रतीक्रिया मिलती है। सैम 500पी दबावों के बल और दर को मापने के लिए प्रतीक्रिया कार्डियोग्राम का इस्तेमाल करता है और उपयोगकर्ता को निर्देश देता है कि वह और ज़ोर लगाए, तेज़ या धीमे धक्के दे, या ईआरसी/एएचए रिससिटैशन (पुनः होश में लाना) दिशानिर्देशों के अनुसार दबाव दे। सैम 500पी सीपीआर बल और दर के बारे में उत्तरदाता निर्देश देने के लिए श्रव्य और दृश्य दोनों तरह की प्रतीक्रिया का उपयोग करता है। पृष्ठ C-10 के परिशिष्ट C में मौजूद तकनीकी जानकारी देखें।

---

⚠ **चेतावनी** CPR Advisor फ़ंक्शन केवल वयस्क मरीज़ों पर उपयोग के लिए बना है। अगर Pediatric-Pak का उपयोग होता है, तो CPR फ़ंक्शन बंद हो जाता है। इस मामले में, बचावकर्मी समय पर मेट्रोनोम के साथ सीपीआर शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है लेकिन उसे CPR Advisor की कोई प्रतीक्रिया नहीं मिलती।

---

## अनुशंसित प्रशिक्षण

एससीए एक ऐसी स्थिति है जिसमें तात्कालिक आपात चिकित्सीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। इस स्थिति के स्वरूप को देखते हुए, यह हस्तक्षेप चिकित्सक से परामर्श प्राप्त करने से पहले ही किया जा सकता है।

ये उपकरण उन कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए हैं, जिन्हें इनके प्रचालन में प्रशिक्षित किया गया है।

**नोट**: उपकरणों को सामान्य कर्मियों द्वारा उपयोग के लिए बनाया गया है। उपयोगकर्ताओं के लिए सीपीआर का प्रशिक्षण लेने और एईडी के उपयोग की पुरज़ोर सिफ़ारिश की जाती है हालाँकि आपात स्थिति में, कोई अप्रशिक्षित सामान्य बचावकर्मी भी HeartSine samaritan PAD का उपयोग कर सकता है।

यदि HeartSine samaritan PAD के संभावित उपयोगकर्ता इन तकनीकों में प्रशिक्षित नहीं हों, तो अपने अधिकृत वितरक से या सीधे HeartSine Technologies से संपर्क करें। इन दोनों में से कोई भी प्रशिक्षण की व्यवस्था कर सकेगा। वैकल्पिक रूप से अपने क्षेत्र में विद्यमान प्रमाणित प्रशिक्षण संगठनों के बारे में जानकारी के लिए आप अपनी स्थानीय सरकार के स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# SAM 350P का विन्यास

**डेटा पोर्ट**
AED से ईवेंट डेटा डाउनलोड करने के लिए नीला कवर हटाएं और कस्टम USB डेटा केबल में प्लग इन करें।

**पैड्स आइकॉन/ कार्रवाई तीर संलग्न करें**
जब कार्रवाई तीर चमकने लगे, तब दर्शाए अनुसार इलेक्ट्रोड पैडों को मरीज़ के उघड़े सीने पर लगाएँ।

**वयस्क और बाल-चिकित्सा चिह्न**
संकेत करते हैं कि SAM 350P Pad-Pak और Pediatric-Pak दोनों से सुसंगत है।

**आइकॉन/ कार्रवाई तीरों को न छुएँ**
जब इस आइकॉन के ऊपर कार्रवाई तीर चमक रहे हों तो मरीज को न छुएँ। आघात देने की तैयारी में सैम 350पी मरीज़ के हृदय की ताल का विश्लेषण कर रहा हो सकता है या आवेशित हो रहा होता है।




**स्थिति संकेतक**
स्थिति संकेतक SAM 350P उपयोग के लिए तब तैयार है जब यह संकेतक हरे रंग में चमकने लगे।

**आघात बटन**
चिकित्सीय आघात देने के लिए इस बटन को दबाएँ।

**आइकॉन/कार्रवाई तीर छूने के लिए सुरक्षित हैं**
जब इस आइकॉन के चारों ओर कार्रवाई तीर चमकने लगें, तब आप मरीज़ को छू सकते हैं।

**बंद/चालू बटन**
बंद/चालू बटन उपकरण को चालू या बंद करने के लिए इस बटन को दबाएँ।

**स्पीकर**
मेट्रोनोम और आवाज़ द्वारा अनुबोधनों को सुनें।

**हरा टैब**
इलेक्ट्रोडों को मुक्त करने के लिए इस टैब को खींचें।

**Pad-Pak**
बैटरी और इलेक्ट्रोड पैड मौजूद हैं।

# SAM 360P का विन्यास




**डेटा पोर्ट**
AED से ईवेंट डेटा डाउनलोड करने के लिए नीला कवर हटाएं और कस्टम USB डेटा केबल में प्लग इन करें।

**पैड्स आइकॉन/ कार्रवाई तीर संलग्न करें**
जब कार्रवाई तीर चमकने लगे, तब दर्शाए अनुसार इलेक्ट्रोड पैडों को मरीज़ के उघड़े सीने पर लगाएँ।

**वयस्क और बाल-चिकित्सा चिह्न**
संकेत करता है कि SAM 360P Pad-Pak और Pediatric-Pak दोनों से सुसंगत है।

**आइकॉन/ कार्रवाई तीरों को न छुएँ**
जब इस आइकॉन के ऊपर कार्रवाई तीर चमक रहे हों तो मरीज को न छुएँ। आघात देने की तैयारी में सैम 360पी मरीज़ के हृदय की ताल का विश्लेषण कर रहा हो सकता है या आवेशित हो रहा होता है।

**स्पीकर**
मेट्रोनोम और आवाज़ द्वारा अनुबोधनों को सुनें।

**हरा टैब**
इलेक्ट्रोडों को मुक्त करने के लिए इस टैब को खींचें।

**स्थिति संकेतक**
स्थिति संकेतक SAM 360P उपयोग के लिए तब तैयार है जब यह संकेतक हरे रंग में चमकने लगे।

**आघात आइकॉन**
आघात दिया जाएगा, इसे सूचित करने के लिए यह चमकेगा।

**आइकॉन/कार्रवाई तीर छूने के लिए सुरक्षित हैं**
जब इस आइकॉन के चारों ओर कार्रवाई तीर चमकने लगें, तब आप मरीज़ को छू सकते हैं।

**बंद/चालू बटन**
बंद/चालू बटन उपकरण को चालू या बंद करने के लिए इस बटन को दबाएँ।

**Pad-Pak**
बैटरी और इलेक्ट्रोड पैड मौजूद हैं।

# SAM 500P का विन्यास




**डेटा पोर्ट**
AED से ईवेंट डेटा डाउनलोड करने के लिए नीला कवर हटाएं और कस्टम USB डेटा केबल में प्लग इन करें।

**पैड्स आइकॉन/ कार्रवाई तीर संलग्न करें**
जब कार्रवाई तीर चमकने लगे, तब दर्शाए अनुसार इलेक्ट्रोड पैडों को मरीज़ के उघड़े सीने पर लगाएँ।

**वयस्क और बाल-चिकित्सा चिह्न**
संकेत करता है कि SAM 500P Pad-Pak और Pediatric-Pak दोनों से सुसंगत है।

**CPR Advisor आइकॉन**
CPR के दौरान छाती के दबाव की दर या बल के बारे में विज़ुअल फ़ीडबैक देता है।

**आइकॉन/कार्रवाई तीर छूने के लिए सुरक्षित हैं**
जब इस आइकॉन के चारों ओर कार्रवाई तीर चमकने लगें, तब आप मरीज़ को छू सकते हैं।

**स्पीकर**
मेट्रोनोम और आवाज़ द्वारा अनुबोधनों को सुनें।

**हरा टैब**
इलेक्ट्रोडों को मुक्त करने के लिए इस टैब को खींचें।

**स्थिति संकेतक**
स्थिति संकेतक SAM 500P उपयोग के लिए तब तैयार है जब यह संकेतक हरे रंग में चमकने लगे।

रहा हो।

**आघात बटन**
चिकित्सीय आघात देने के लिए इस बटन को दबाएँ।

**आइकॉन/ कार्रवाई तीरों को न छुएँ**
जब इस आइकॉन के ऊपर कार्रवाई तीर चमक रहे हों तो मरीज को न छुएँ। झटका देने की तैयारी करते वक्त, हो सकता है कि सैम 500पी मरीज़ के दिल की धड़कन की गति का विश्लेषण कर रहा हो या चार्ज के लिए तैयार हो

बंद/चालू बटन उपकरण को चालू या बंद करने के लिए इस बटन को दबाएँ।

**Pad-Pak**
बैटरी और इलेक्ट्रोड पैड मौजूद हैं।

**बंद/चालू बटन**

# सेट-अप

## खोलना

पुष्टि करें कि शामिल वस्तुओं में HeartSine samaritan PAD, ले जाने वाली पेटी (कैरी केस), Pad-Pak, उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका और वारंटी रजिस्ट्रेशन कार्ड शामिल हों।

## Pad-Pak

Pad-Pak केवल एक बार उपयोग करने योग्य निकाले जा सकने वाला कार्ट्रिज है जिसमें एक ही इकाई में बैटरी और इलेक्ट्रोड पैड समाहित हैं। Pad-Pak दो संस्करणों में उपलब्ध है[1]:

1. Pad-Pak (चित्र 1 में प्रदर्शित धूसर रंग) 25 किलोग्राम (55 पौंड) से अधिक वज़न वाले मरीज़ों में, या 8 साल के या उससे अधिक उम्र के बच्चे के समान बच्चे में, उपयोग करने के लिए है।
2. (चित्र 2 में दर्शाया गया गुलाबी रंग) वैकल्पिक Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बने पैक) अधिक छोटे बच्चों (1 से 8 वर्ष के और 25 किलो (55 पाउंड) से कम वज़न के बच्चों) पर उपयोग करने के लिए है।

---

⚠ **चेतावनी** मरीज़ की सटीक उम्र या वज़न का पता लगाने की कोशिश करते हुए इलाज में देरी न करें।

---

[1] Pad-Pak व्यावसायिक स्थायी-विंग विमान में उपयोग के लिए TSO/ETSO-प्रमाणित संस्करण में भी उपलब्ध है।



**चित्र 1.** वयस्क Pad-Pak





**चित्र 2.** Pediatric-Pak (बाल मरीज़ों का पैक)

## HeartSine samaritan PAD का उपयोग शुरू करना

अपने HeartSine samaritan PAD को काम पर लगाने के लिए निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें:

1. Pad-Pak के पीछे दी गई समाप्ति तिथि (YYYY-MM-DD) को जाँचें (चित्र 3 देखें)। यदि समापन तिथि बीत चुकी हो, तो उपयोग ना करें और समाप्त हो चुके Pad-Pak को तुरंत बदल दें।




**चित्र 3.** समापन तिथि

2. Pad-Pak को खोलें और पैकेजिंग को संजोकर रखें ताकि वह उस स्थिति में काम आ सके जब Pad-Pak को हार्टसाइन टेक्नॉलोजीज़ को लौटाना हो।

3. HeartSine samaritan PAD का मुख ऊपर करके किसी सपाट सतह पर रखें और Pad-Pak को HeartSine samaritan PAD में तब तक सरकाएं (चित्र 4 देखें) जब तक आपको “डबल क्लिक” ना सुनाई दे, जो इसका संकेत है कि Pad-Pak के दाएँ और बाएँ किनारे पर मौजूद टैब पूरी तरह से लग गए हैं।



**चित्र 4.** Pad-Pak को निवेशित करना

4. सुनिश्चित करें कि हरा स्थिति संकेतक (पृष्ठ 11-13 में आपके मॉडल का विन्यास देखें) टिमटिमा रहा है जो इस बात का संकेत है कि प्रारंभिक आत्म-परीक्षण पूरा हो गया है और डिवाइस उपयोग करने के लिए तैयार है।

5. HeartSine samaritan PAD को चालू करने के लिए बंद/चालू बटन को दबाएँ। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई चेतावनी संदेश नहीं चल रहे हों और उपकरण के संकेत अपेक्षित भाषा में चल रहे हैं, ध्वनि संकेतों को सुनें, लेकिन उनका अनुसरण न करें।

---

⚠ **सावधान** इस समय Pad-Pak के हरे टैब को नहीं खींचें। यदि आपने टैब को खींच दिया है और इलेक्ट्रोड दराज़ को खोल लिया है, तो आपको अपने Pad-Pak को बदलने की आवश्यकता हो सकती है।

HeartSine samaritan PAD को केवल एक बार चालू करें। यदि आप उसे बारबार चालू करेंगे, तो आप समय से पहले ही उसकी बैटरी को चुका देंगे, और आपको Pad-Pak को बदलने की आवश्यकता हो सकती है।

---

# सेट-अप

6. HeartSine samaritan PAD को बंद करने के लिए बंद/चालू बटन को दबाएँ। सुनिश्चित करें कि स्थिति संकेतक हरे रंग में टिमटिमा रहा है। यदि आपको कोई चेतावनी संदेश नहीं सुनने को मिला हो और स्थिति संकेतक हरे में चमक रहा हो, तो डिवाइस उपयोग के लिए तैयार है।

7. HeartSine samaritan PAD को दिए गए नरम कैरी केस में रखें। HeartSine samaritan PAD को ऐसी जगह रखें जहाँ वह किसी **साफ़**, **सूखे वातावरण** में निर्बाध रूप से सुरक्षित स्थान से रखे हुए दिखाई और सुनाई देता रहे। HeartSine samaritan PAD को छोटे बच्चों और पालतू पशु-पक्षियों की पहुंच से दूर संभाल कर रखें। सुनिश्चित करें कि डिवाइस को पर्यावरणीय विनिर्देशों (पृष्ठ C-1 पर परिशिष्ट C में दिया गया तकनीकी डेटा देखें) के अनुसार संग्रहीत किया गया है।

---

⚠ **सावधान** HeartSine Technologies सिफ़ारिश करता है कि आप अपने HeartSine samaritan PAD के साथ नरम कैरी केस के पीछे वाले हिस्से में एक अतिरिक्त Pad-Pak भी रखा करें।

---

8. ऑनलाइन पंजीकरण करें, या वारंटी रजिस्ट्रेशन कार्ड को भरकर अपने अधिकृत वितरक को लौटाना होगा या सीधे HeartSine Technologies को लौटाएँ (पृष्ठ 28 पर ट्रैक करने की आवश्यकताएँ देखें)।

9. एक सर्विस समय-सारणी तैयार करें (पृष्ठ 29 पर रखरखाव देखें)।

## तैयारी जांच-सूची

आपके HeartSine samaritan PAD को सेट-अप करने के चरणों की जाँच-सूची नीचे दी गई है:

- ☐ **चरण 1.** Pad-Pak की समाप्ति तिथि को जाँचें।
- ☐ **चरण 2.** Pad-Pak को स्थापित करें और एक हरे स्थिति संकेतक के लिए जाँच करें।
- ☐ **चरण 3.** HeartSine samaritan PAD के संचालन को जाँचने के लिए उसे चालू करें।
- ☐ **चरण 4.** HeartSine samaritan PAD को बंद कर दें।
- ☐ **चरण 5.** HeartSine samaritan PAD को स्वच्छ, शुष्क परिवेश में 0°C से 50°C (32°F से 122°F) पर संग्रहीत करें।
- ☐ **चरण 6.** अपने HeartSine samaritan PAD को रजिस्टर करें।
- ☐ **चरण 7.** सर्विसिंग के लिए एक समय-सारणी निर्मित करें। (पृष्ठ 29 पर रखरखाव देखें।)


**HeartSine samaritan PAD का उपयोग करना**
अपने एईडी का उपयोग करने के लिए निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें। वह आपको हर चरण के लिए ध्वनि संकेत देगा। अपने डिवाइस के ध्वनि अनुबोधों की पूरी सूची के लिए, परिशिष्ट D में ध्वनि अनुबोध देखें।

⚠ **सावधान** यदि झटके-रहित आवर्तन सुनाई दे, और यदि HeartSine samaritan PAD ने झटके देने का फ़ैसला पहले ही कर लिया हो, तो वह झटके के लिए तैयार स्थिति को समाप्त कर देगा।

**1. खतरा दूर करें**
यदि आवश्यक हो, तो मरीज़ को किसी सुरक्षित स्थान में ले जाएँ, या ख़तरे के स्रोतों को वहां से हटाएं।


**2. प्रतिक्रिया चेक करें**
यदि मरीज़ प्रतिक्रिया नहीं जताए, तो उससे ऊँची आवाज़ में बात करते हुए उसे कंधों से झकझोरें। यदि मरीज़ प्रतीक्रिया जताने लग जाए, तो एईडी का उपयोग नहीं करें।

**3. मरीज़ का श्वसन-मार्ग जाँचें**
जांचें कि मरीज के श्वसन मार्ग में कोई रुकावट न हो, आवश्यक होने पर ठोढ़ी और सिर को थोड़ा ऊपर कर दें।









### 4. मेडिकल सहायता के लिए कॉल करें

### 5. AED को वापस पाएं

आस-पास के लोगों को ऐसा ही करने को कहें।

### 6. CPR की प्रक्रिया करें


AED का इंतज़ार करते हुए, CPR आरंभ कर दें, ज़्यादा मज़बूती और तेज़ी से प्रति मिनट 100 और 120 दबावों की दर को बनाए रखते हुए 5 से 6 (सेंमी) की गहराई तक सीने को दबाते रहें। यदि आपको लगे कि आप बचाव श्वसन दे सकते हैं, तो 30 बार दबाने के बाद दो बार बचाव श्वसन दें।

### 7. AED को चालू करें

AED को चालू करने के लिए बंद/चालू बटन को दबाएँ।


### 8. डिफ़िब्रिलेशन इलाज

Pad-Pak स्थापित है या Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बना पैक), इस बात के आधार पर डिफ़िब्रिलेशन इलाज को तैयार किया जाता है। यदि मरीज़ का वज़न 25 किलो (55 पौंड) से कम हो या वह 8 साल की उम्र से छोटा हो, तो Pad-Pak को निकालकर Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बना पैक) डालें और फिर से चालू/बंद बटन को दबाएँ (पृष्ठ 22 पर Pediatric-Pak देखें)। यदि बच्चों के लिए बना Pediatric-Pak उपलब्ध न हो, तो आप Pad-Pak का उपयोग कर सकते हैं।











**9. मरीज़ के सीने को खाली कर दें**
उघड़ी हुई त्वचा बाहर लाने के लिए रोगी की छाती से कपड़े उतार दें, जहाँ पैड को रखना हो, वहाँ से धातु की वस्तुएं (ब्रा या ज़ेवर) हटा दें।


**10. मरीज़ के सीने को सुखाएं**
यदि मरीज़ का सीना गीला या नम हो, तो उसे सुखाएं। यदि जहाँ इलेक्ट्रोड रखे जाने हों, वहाँ बहुत अधिक बाल हों, तो मरीज़ के सीने पर शेव करके उन्हें हटा दें।

**11. हरा टैब खींचें**
AED से इलेक्ट्रोड पैड पाउच को निकालने के लिए हरे टैब को खींचें।

**12. इलेक्ट्रोड पाउच खोलें**
इलेक्ट्रोड पैडों को निकालने के लिए पाउच को फाड़कर खोलें।




### 13. इलेक्ट्रोड पैड रखें

प्रत्येक इलेक्ट्रोड पैड से लाइनर छीलकर हटाएं और प्रत्येक इलेक्ट्रोड को मज़बूती से मरीज़ के उघड़े सीने पर रखें। 8 साल से अधिक उम्र के अथवा 25 किलो (55 पाउंड) से अधिक वज़न के मरीज़ के शरीर पर, एक इलेक्ट्रोड पैड को सीने के दाएँ भाग में आड़ा (क्षैतिज स्थिति में), और दूसरे को सीधे (ऊर्ध्व स्थिति में) बाएँ पसली पिजंर पर रखें। 8 साल से कम उम्र के या 25 किलो (55 पाउंड) से कम वज़न के मरीज़ के लिए, आप एक इलेक्ट्रोड पैड को सीने के बीच में और दूसरे को पीठ के बीच में रख सकते हैं। इलेक्ट्रोड पैड को रखने के बारे में विस्तृत निर्देशों के लिए पृष्ठ 22-25 देखें।




### 14. अगर आपको संकेत फिर से सुनाई दे

उघड़े सीने पर मज़बूती से रखने का संकेत दुबारा सुनाई दे, तो निम्नलिखित जाँचें:

- पैडों को जैसे रखने के लिए दर्शाया गया है, उन्हें वैसे ठीक से रखा गया हो।
- पैड एक-दूसरे को छू नहीं रहे हों, और वे एक-दूसरे से कम से कम 2.5 सेमी (1 इंच) की दूरी पर हों।
- प्रत्येक पैड की पूरी सतह उघड़ी त्वचा के साथ चपिकी हुई हो। यदि सीने पर बहुत अधकि बाल हैं, तो शेव करके सीने के बाल हटाएं; यदि सीना नम है, तो सीने को सुखाएँ।
- सुनिश्चित करें कि Pad-Pak की समापन तिथि अभी ख़त्म नहीं हुई हो, और वह उपकरण में ठीक से डली हुई हो।





### 15. रोगी को बिल्कुल न छुएँ

संकेत मिलने पर, सुनिश्चित करें कि आप रोगी को छू नहीं रहे हों।

## 16. जब कहा जाए दूर हो जाएँ

जब झटके की आवाज़ों के बारे मे पता लगने के बारे में बताया जाए, तब निर्देशानुसार मरीज़ से दूर हो जाएँ। जब ऐसा करने को कहा जाए, तब झटका देने के लिए नारंगी रंग के झटके वाले बटन (सैम 350पी/सैम 500पी) को दबाएँ, या यदि सैम 360पी का उपयोग कर रहे हों, तो 3, 2, 1 की उल्टी गिनती सुनाने के बाद एईडी अपने आप ही झटका दे देगा।

16



## 17. जब कहा जाए CPR शुरू कर दें

जब बताया जाए कि झटके की आवाज़ का पता नहीं चला है, तब CPR शुरू कर दें। इसके लिए, मरीज़ के सीने पर हाथों को एक के ऊपर एक रखें, और बाँहों को सीधा रखते हुए, मेट्रोनोम के साथ-साथ दृढ़ता से और तेज़ी से दबाना शुरू कर दें। सीपीआर तब तक जारी रखें जब तक एईडी को मरीज़ के हृदय की ताल फिर से मिलने ना लगे।

SAM 500P का उपयोग करते वक्त, CPR Advisor ध्वनि संकेतों का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ C-10 पर मौजूद CPR Advisor देखें।

## 18. चरण 15 से शुरू करके प्रक्रिया दोहराएँ

आपात सेवाएं जब तक पहुँचें नहीं तब तक चरण 15 से शुरू करके प्रक्रिया दोहराएँ।

## 19. जब आपात सेवाएँ पहुँचें

अगर आपात सेवाएँ कहें, तो AED को बंद करने के लिए बंद/चालू बटन को दबाएँ और इलेक्ट्रोड पैडों को निकाल लें।

# **Pad-Pak** और Pediatric-Pak

HeartSine Pad-Pak और इडीऐट्रिक-पैक एक ही बार उपयोग होने वाली बैटरी और इलेक्ट्रोड कार्ट्रिज होते हैं जिन्हें HeartSine samaritan PAD के साथ उपयोग किया जाता है। Pad-Pak स्थापित है या Pediatric-Pak (बच्चों के लिए बना पैक), इस बात के आधार पर डिफ़िब्रिलेशन इलाज किया जाता है।

Pad-Pak या Pediatric-Pak में एक सेट निपटान योग्य डिफ़िब्रिलेशन पैड और एक $LiMnO_2$ (18 वॉल्ट – 1500mAh) रीचार्ज न हो सकने वाली बैटरी होती है।
Pad-Pak और Pediatric-Pak विकल्प नीचे तालिका 2 में सूचीबद्ध हैं।

यह सिफ़ारिश की जाती है कि HeartSine samaritan PAD को एक वयस्क Pad-Pak के अंदर डालकर रखा जाए और कैरी केस में या आसपास एक अतिरिक्त Pad-Pak और Pediatric-Pak को रखा जाए। संभाल कर रखा हुआ Pad-Pak या Pediatric-Pak उपयोग न किए जाने तक सुरक्षित प्लास्टिक पाउच में रखा जाना चाहिए।

**नोट**: जब आप अपने HeartSine samaritan PAD में Pediatric-Pak डालकर उसका स्विच ऑन करते हैं, तो आपको एक ध्वनि संकेत सुनाई देगा “बाल रोगी”।

**नोट:** Pediatric-Pak में चुंबकीय घटक (सतही प्रबलता 6500 गॉज़)। चुंबक के प्रति संवेदनशील संग्रहण माध्यमों के पास संग्रह नहीं करें।

---

⚠ **चेतावनी** यदि Pad-Pak खुला या ख़राब है तो उसका उपयोग बिल्कुल न करें। इसके कारण इलेक्ट्रोड जेल सूख सकता है। इलेक्ट्रोड को एक सुरक्षित फ़ॉइल में सीलबंद किया जाता है और उन्हें केवल उपयोग के दौरान खोलना चाहिए। अगर क्षतिग्रस्त हो, तो तुरंत बदल दें।

---

**तालिका 2.** Pad-Pak और Pediatric-Pak की तुलना करना

| विशेषता | Pad-Pak | Pediatric-Pak (बाल मरीज़ों का पैक) | विमानन Pad-Pak (TSO/ETSO-प्रमाणित) |
|---|---|---|---|
| रंग | धूसर | गुलाबी | (विमान चिह्न के साथ) धूसर |
| अभिप्रेत मरीज़ आयु और वज़न | वयस्क और बच्चे > 8 वर्ष या > 25 किलोग्राम (55 पाउंड) | बच्चे 1 – 8 वर्ष या < 25 किलोग्राम (55 पाउंड) | वयस्क और बच्चे > 8 वर्ष या > 25 किलोग्राम (55 पाउंड) |
| ऊर्जा | आघात 1: 150 जूल<br>आघात 2: 150 जूल<br>आघात 3: 200 जूल | आघात 1: 50J<br>आघात 2: 50 जूल<br>आघात 3: 50 जूल | आघात 1: 150 जूल<br>आघात 2: 150 जूल<br>आघात 3: 200 जूल |
| विमान पर उपयोग | नहीं | नहीं | हाँ: व्यावसायिक स्थायी विंग |

⚠ **चेतावनी** 1 वर्ष से कम उम्र के मरीज़ों पर उपयोग के लिए नहीं है।

⚠ **चेतावनी** उम्र या वज़न को लेकर अनिश्चितता के कारण चिकित्सा में देरी नहीं करें। अगर Pediatric-Pak उपलब्ध न हो, तो आप Pad-Pak का उपयोग कर सकते हैं।

⚠ **सावधानी** केवल एक बार के उपयोग के लिए। पुनः उपयोग करने के कारण डिवाइस थेरेपी डिलीवर करने में असमर्थ हो सकता है, जिसके कारण पुनर्जीवित करने में या फिर से चालू करने में विफलता हो सकती है। इससे रोगियों को एक-दूसरे से संक्रमण हो सकता है।

**वयस्क Pad-Pak**



**बाल चिकित्सा Pad-Pak**



# इलेक्ट्रोड रखना

## वयस्क प्लेसमेंट


8 वर्ष से अधिक की आयु वाले या 25 किलोग्राम (55 पाउंड) से अधिक वज़न वाले रोगियों, की नंगी छाती पर चित्र 5 में प्रदर्शित अनुसार इलेक्ट्रोड रख दें।

बड़ी छाती वाले लोगों के मामलों में, बाएं इलेक्ट्रोड पैड को, छाती के मांस से दूर बाईं छाती के बगल में या नीचे रख दें।





**चित्र 5.**




## बाल चिकित्सा प्लेसमेंट

बाल मरीज़ों के लिए इलेक्ट्रोडों को रखने के दो विकल्प हैं: आगे-पीछे और आगे-बगल में।

### बच्चों पर पैड रखना

यदि बच्चे का सीना पर्याप्त बड़ा है और उस पर इलेक्ट्रोड पैडों के बीच 2.5 सेंमी (1 इंच) का अंतर रखना संभव है, या यदि घाव (ट्रॉमा) के कारण पीठ पर उन्हें रखना संभव न हो, तो पैडों को आगे-बगल में वयस्कों वाली रीति के अनुसार रखा जा सकता है। इलेक्ट्रोड पैडों को चित्र 6 में प्रदर्शित अनुसार रोगी की नंगी छाती पर रखें।

**चित्र 6.** आगे-बगल में




⚠ **चेतावनी** इलेक्ट्रोड पैडों के बीच कम से कम 2.5 सेमी (1 इंच) की दूरी होनी चाहिए, और वे कभी-भी एक-दूसरे को छूने नहीं चाहिए।

### छोटे बच्चों पर पैड रखना

यदि बच्चे का सीना छोटा हो, तो एक इलेक्ट्रोड पैड को बच्चे के उघड़े हुए सीने के मध्य में, और दूसरे इलेक्ट्रोड पैड को बच्चे की उघड़ी पीठ पर पसली-पिंजर के मध्य में रखने की ज़रूरत पड़ सकती है, जैसा कि चित्र 7 में प्रदर्शित है।

**चित्र 7.** आगे-पीछे



## HeartSine samaritan PAD की सफ़ाई

1. इलेक्ट्रोड पैडों को मरीज़ से हटाकर दोनों पैडों के चेहरों को परस्पर चिपका दें। इलेक्ट्रोड मानव ऊतकों, द्रवों या रक्त से दूषित हो सकते हैं, इसलिए इलेक्ट्रोडों को संक्रामक अपद्रव्य के रूप में अलग से निपटाएँ।

2. Pad-Pak केवल एक बार के उपयोग के लिए बनी वस्तु है जिसमें लीथियम बैटरियाँ हैं। प्रत्येक उपयोग के बाद Pad-Pak को बदलें। HeartSine samaritan PAD को सपाट सतह पर रखकर उसका मुख उठाकर Pad-Pak के दोनों बगलों पर मौजूद दो टैबों को पिचकाएँ और Pad-Pak को HeartSine samaritan PAD से अलग करने के लिए उसे खींचें। Pad-Pak आगे की ओर सरक आएगा (चित्र 8 देखें)।



**चित्र 8.** Pad-Pak को निकालना

3. HeartSine samaritan PAD को गंदगी या मलिनता के लिए जाँचें। यदि आवश्यक हो, तो उपकरण को निम्नलिखित में से किसी एक से नम किए गए कोमल कपड़े से साफ करें:

- साबुन वाला पानी
- आइसोप्रोपाइल अल्कोहल (70% विलयन)

---

⚠ **सावधान** HeartSine samaritan PAD के किसी भी पुर्ज़े को पानी या किसी अन्य द्रव्य में नहीं डुबाएँ। द्रवों का संपर्क उपकरण को गंभीर रूप से क्षति-ग्रस्त कर सकता है या आग या बिजली के झटके का ख़तरा पैदा कर सकता है।

---

⚠ **सावधान** HeartSine samaritan PAD को खुरदुरी चीज़ों, क्लीनर या घोल से साफ नहीं करें।

---

4. HeartSine samaritan PAD को जाँचें कि कहीं उसमें कोई क्षति तो नहीं। यदि उपकरण क्षति-ग्रस्त हो, तो उसे तुरंत बदल दें।

5. एक नया Pad-Pak स्थापित करें। Pad-Pak स्थापित करने से पहले, उसकी समापन तिथि को जाँचें (पृष्ठ 15 पर सेट-अप देखें)। स्थापन के बाद, पुष्टि करें कि स्थिति संकेतक हरे में चमक रहा है।

6. HeartSine samaritan PAD के उपयोग के बारे में हार्टसाइन टेक्नॉलोजीज़ या अपने अधिकृत वितरक को सूचित करें। (संपर्क जानकारी के लिए पीछे का आवरण देखें।)

## घटना की जानकारी डाउनलोड करके जमा करना

अपने HeartSine samaritan PAD का उपयोग करने के बाद आप HeartSine Saver EVO सॉफ़्टवेयर से इवेंट के डेटा को प्रबंधित कर पाते हैं। मांगे जाने पर, आप इस डेटा को मरीज़ के चिकित्सक को उपलब्ध करा सकते हैं, और/या यदि आपके पास एक पात्र इवेंट हो, तो इसका उपयोग करके एक निशुल्क Pad-Pak हासिल कर सकते हैं।

यह सॉफ़्टवेयर हमारी वेबसाइट से बिना किसी अतिरिक्त लागत के डाउनलोड किया जा सकता है:

**http://uk.heartsine.com/support/upload-saver-evo/**

घटना डेटा डाउनलोड करने के लिए Saver EVO के अलावा एक वैकल्पिक यूएसबी डेटा केबल की भी आवश्यकता पड़ेगी। यह डेटा केबल प्राप्त करने के लिए या Saver EVO को डाउनलोड करके उसके उपयोग के बारे में जानकर अपने प्रश्नों के उत्तर पाने के लिए अपने अधिकृत वितरक या सीधे स्ट्राइकर प्रतिनिधि से संपर्क करें।

1. USB डेटा केबल को HeartSine samaritan PAD के डेटा पोर्ट में डालें (चित्र 9 देखें)।
2. USB कनेक्टर के डेटा केबल को PC में डालें।

   **नोट**: HeartSine samaritan PAD किसी आईईसी60950-1 प्रमाणित पीसी से जुड़ा होना चाहिए।
3. हार्टसाइन Saver EVO सॉफ्टवेयर को स्थापित करें और उसे शुरू करें।
4. अपने HeartSine samaritan PAD में मौजूद इवेंट डेटा को सहेजने या मिटाने के लिए Saver EVO की मार्ग-दर्शिका में दिए गए निर्देशों का अनुसरण करें।
5. Saver EVO फाइल को हार्टसाइन टेक्नॉलोजीज़ की साइट में अपलोड करें।

अपने HeartSine samaritan PAD के घटना डेटा को प्रबंधित करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अपने अधिकृत वितरक या सीधे हार्टसाइन टेक्नॉलोजीज़ से संपर्क करें।

## निपटारा

Pad-Pak और Pediatric-Pak में लीथियम बैटरियाँ हैं और उन्हें साधारण कचरे में नहीं डाला जा सकता है। प्रत्येक को आपकी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार उचित पुनश्चक्रण सुविधा में निपटाएँ। वैकल्पिक रूप से, Pad-Pak या Pediatric-Pak को अपने अधिकृत वितरक को निपटारे अथवा बदलने के लिए लौटा दें।

**चित्र 9.** USB डेटा पोर्ट



# ट्रैक करने की विधि

## ट्रैक करने की आवश्यकताएँ

चिकित्सीय उपकरण विनियम हार्टसाइन टेक्नॉलोजीज़ के लिए आवश्यक बनाते हैं कि वह बेचे गए प्रत्येक HeartSine samaritan PAD एईडी, Pad-Pak और Pediatric-Pak को ट्रैक करे। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप या तो यहाँ उपलब्ध हमारे ऑनलाइन पंजीकरण औज़ार का उपयोग करके:

**https://secure.heartsine.com/UserRegistration.html**

या HeartSine samaritan PAD वारंटी पंजीकरण कार्ड भरकर और उसे अपने अधिकृत वितरक को या सीधे HeartSine Technologies को लौटाकर। ऑनलाइन पंजीकरण औज़ार और कार्ड का एक अन्य विकल्प है, इस ईमेल पते पर ईमेल भेजना:

**heartsinesupport@stryker.com**

ईमेल में निम्नलिखित जानकारी होनी चाहिए:

- नाम
- पता
- उपकरण का सीरियल नंबर

यदि आपने हमें जो जानकारी दी है, उसमें कोई बदलाव हो, जैसे आपका पता या आपके HeartSine samaritan PAD का स्वामित्व बदल गया हो, तो हमें अपडेट हुई जानकारी ईमेल या ऑनलाइन पंजीकरण टूल के ज़रिए उपलब्ध कराएँ।

जब आप अपने एईडी को पंजीकृत करेंगे, तो हम आपके HeartSine samaritan PAD से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ आपको भेजने लगेंगे, जैसे, सॉफ़्टवेयर अपडेट या क्षेत्र सुरक्षा हेतु सुधारात्मक काम।

HeartSine AED को किसी सर्विस या जांच की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि इन उपकरणों को साप्ताहिक स्व-परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है। हालांकि, HeartSine Technologies सिफारिश करता है कि उपयोगकर्ता नियमित अनुरक्षण जाँच करें, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

### साप्ताहिक

